बरेली, रविवार
8 सितंबर 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण

PAGE NO. 8: MIDDLE

एसआरएमएस में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ● सौजन्य कॉलेज

कश्मीर मुद्दे पर एसआरएमएस लॉ कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ लॉ में 'क्या अनुच्छेद 370 व 35-ए को हटाना असंवैधानिक है-विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।

इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि भारत-कश्मीर के विकास में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। दैनिक जागरण के वरिष्ठ समाचार संपादक जितेंद्र शुक्ला ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। महाप्रबंधक मुदित चतुर्वेदी ने कश्मीर की भौगोलिक स्थिति, संसाधन और समस्या समझाई। सेवानिवृत्त जज एनसी हरित ने अपने लंबे न्यायिक अनुभव से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उप्र-उत्तराखंड के 13 कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पक्ष में मयंक को प्रथम व मेघा को द्वितीय पुरस्कार मिला। मेजबान कॉलेज की प्रेरणा जैन को तृतीय पुरस्कार मिला। विषय के विपक्ष में एसआरएमएस के पारस को प्रथम, क्लासिक लॉ कॉलेज के तनय के दूसरा और अतुल को तृतीय पुरस्कार मिला। ओवरऑल ट्रॉफी एसआरएमएस को मिली। नेहा चौहान, आयशा सिद्दीकी, वर्णिका आदि को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉ. कमलेंद्र सिंह, डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. राजीव पांडेय, डॉ. निशा शर्मा, डॉ. एसके खंडेलवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।